तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 4 अक्टूबर 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

3

श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं के प्रसंग से भक्तिमय हुआ राधाकृष्ण मंदिर परिसर



कोलकोता में आयोजित अपेक्स बॉडी की बैठक में लिया गया निर्णय

कोयला कर्मियों की बल्ले बल्ले, 1 लाख 10 हजार 250 रुपए मिलेगा बोनस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला कर्मचारियों के बोनस को लेकर कोलकाता में आयोजित बैठक में कोल इंडिया प्रबंधन द्वारा 1 लाख 8 हजार रुपए बोनस राशि का प्रस्ताव दिया गया। वहीं श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने 1 लाख 20 हजार और इससे अधिक के

खास बात

- बीते वर्ष की तुलना में 7 हजार 250 रुपए अधिक मिलेगा बोनस, 15 अक्टूबर को खाते में आएगी राशि

बोनस राशि की मांग की। जिसे शुरुआत में प्रबंधन ने आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए नकार दिया। श्रमिक संगठन के प्रतिनिधि अपनी मांग को लेकर अड़े रहे। बैठक में चली लंबी चर्चा के बाद आखिरकार कोल इंडिया प्रबंधन और श्रमिक संगठनों ने 1 लाख 10 हजार 250 रुपए की बोनस पर अपनी सहमति जाहिर कर दी। बीते वर्ष कोल कर्मियों को 1 लाख 3 हजार रुपए बोनस दिया गया था। इस तरह इस वर्ष कोयला कर्मियों को बीते वर्ष की तुलना में 7 हजार 250 रुपए अधिक बोनस राशि प्रदान की जाएगी। 15 अक्टूबर को कोयला कर्मियों के खातों में बोनस राशि का भुगतान कर दिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि कोल इंडिया के पौने तीन लाख कर्मियों और ठेका मजदूरों के बोनस पर चर्चा के लिए शनिवार की सुबह बैठक शुरू हुई है। कंपनी की संयुक्त सलाहकार समिति की एपेक्स बॉडी की यह बैठक कोलकाता में आयोजित की गई। श्रम मंत्रालय के नये कानून आने के बाद पहली बार यह बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत में प्रबंधन की ओर से व्यवसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य स्थितियाँ संहिता (ओएसएच) 2020 पर पावर प्रेजेंटेशन दिया गया। इसमें व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य परिस्थितियों से जुड़े प्रावधानों तथा उनसे संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। इसके बाद लंच ब्रेक हुआ। करीब 3 बजे बैठक दोबारा शुरू हुई और पीएलआर की राशि को लेकर यूनियन प्रतिनिधियों एवं प्रबंधन के बीच बातचीत हुई। बीते वर्ष कोयला कर्मियों को 1 लाख 3 हजार की राशि बतौर बोनस के रुप में प्रदान की गई थी। यही वजह है कि बैठक में कोल इंडिया प्रबंधन द्वारा 5 हजार की बढोत्तरी करते हुए 1 लाख 8 हजार रुपए बोनस राशि का प्रस्ताव दिया गया। जिसे श्रमिक संगठन के प्रतिनिधियों ने एक सिरे से खारिज कर दिया। यूनियन प्रतिनिधियों द्वारा 1 लाख 20 हजार और इससे अधिक बोनस राशि की मांग गई। इसके बाद यूनियन प्रतिनिधियों ने 1.15 हजार रुपए तक की मांगी की, लेकिन प्रबंधन 1 लाख 8 हजार पर ही अड़ा रहा। बाद में प्रबंधन ने 1 लाख 9 हजार का प्रस्ताव दिया। यूनियन 1 लाख 14 हजार पर आया। लंबी चर्चा के बाद 1 लाख 10 हजार 250 की राशि पर सहमति बनी। बैठक में चली लंबी चर्चा के बाद आखिरकार कोयला कर्मचारियों को इस वर्ष बोनस के रुप में 1 लाख 10 हजार 250 रुपए दिए जाने पर सहमति बन गई है। बीते वर्ष की तुलना में 7 हजार 250 रुपए अधिक बोनस राशि प्रदान की जाएगी। हाल के वर्षों में बोनस राशि में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिली है, जिसकी वजह से कर्मचारियों को उम्मीद थी कि इस बार भी बोनस का अच्छा पैकेज मिल सकता है। बैठक में सीटू से डीडी रामानंदन, बीएमएस से के लक्ष्मा रेड्डी, एचएमएस से शिव कुमार यादव और एटक से लखन लाल महतो शामिल हुए। श्रमिक नेता रमेंद्र कुमार के बीमार हो जाने के कारण श्री महतो कोलकाता की बैठक में शामिल रहे। प्रबंधन की ओर से निदेशक मार्केटिंग एवं प्रभारी निदेशक मानव संसाधन मुकेश चौधरी तथा निदेशक वित्त मुकेश अग्रवाल बैठक में शामिल हुए।



फाइल फोटो

इंटक ने हाईकोर्ट का खटखटाया दरवाजा

कोल इंडिया के गैर-कार्यकारी कोयला कामगारों के वर्ष 2026 के सालाना बोनस यानी प्रदर्शन आधारित पुरस्कार (पीएलआर) के निर्धारण को लेकर 3 अक्टूबर को वार्ता आयोजित की गई। बैठक में इस बार चार केंद्रीय श्रमिक संगठनों बीएमएस, एचएमएस, एटक और सीटू के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। इंटक को बैठक में शामिल होने का निमंत्रण नहीं मिला है। अपने प्रतिनिधि को पीएलआर वार्ता में शामिल कराने की मांग को लेकर इंटक ने कलकत्ता हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। हालांकि, गुरुवार तक याचिका सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं हो सकी।

सेवानिवृत्त कोलकर्मियों को मिलेगा लाभ

पीएलआर के फैसले का लाभ केवल वर्तमान में कार्यरत कर्मचारियों तक सीमित नहीं रहेगा। एक अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के बीच सेवानिवृत्त हुए करीब 8351 कोलकर्मी भी इसके दायरे में आयेंगे. इसके अलावा सिंगरैनी कोलियरी कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) के करीब 32 हजार कर्मियों को भी पीएलआर का लाभ मिलने की बात कही गयी है। कोयला क्षेत्र में इंटक के प्रतिनिधित्व का मामला पहले भी अदालत पहुंच चुका है। फरवरी 2023 में खंडपीठ के आदेश के बाद सितंबर 2025 में अदालत ने कोल इंडिया को संबंधित फेडरेशन को जेबीसीसीआइ की बैठक में शामिल करने का निर्देश दिया था।

2011 से 2026 तक बोनस की राशि पर एक नजर

2011	21,000
2012	26,000
2013	31,500
2014	40,000
2015	48,500
2016	54,000
2017	57,000
2018	60,500
2019	64,700
2020	68,500
2021	72,500
2022	76,500
2023	85,000
2024	93,750
2025	1,03,000
2026	1,10,250

तीन दिन बाद कुएं से निकला सोनसाय मंझवार का शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत गुरमा में कुएं की सफाई के दौरान हुए दर्दनाक हादसे में मलबे में दबे 55 वर्षीय ग्रामीण सोनसाय मंझवार का शव तीन दिन बाद बरामद कर लिया गया। बुधवार 1 अक्टूबर की दोपहर कुएं की सफाई के दौरान अचानक मिट्टी धंसने से सोनसाय मलबे में दब गए थे। हादसे के बाद से ही उन्हें बाहर निकालने के लिए लगातार रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा था।



कुएं में दबा मंझवार का शव।

कुएं की गहराई और बार-बार मिट्टी धंसने के कारण बचाव दल को रेस्क्यू अभियान में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। सुरक्षा को ध्यान में ⏭ शेष पेज 3 पर

MARK OF EXCELLENCE

मार्क हॉस्पिटल में बिलासपुर का पूर्ण न्यूरोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी सेंटर

मस्तिष्क, रीढ़ एवं नसों से जुड़ी बीमारियों की सम्पूर्ण देखभाल

ब्रेन संबंधी रोग
• सिरदर्द एवं माइग्रेन • लकवा (स्ट्रोक) एवं ब्रेन हैमरेज • ब्रेन ट्यूमर • मिर्गी (एपिलेप्सी)
• पार्किंसन रोग • अल्जाइमर एवं याददाश्त की कमी • सिर की चोट या ट्रॉमा के लिए सर्जरी

नसों एवं मांसपेशियों से जुड़ी समस्याएँ
• नसों की कमजोरी • झनझनाहट एवं सुन्नपन • नस दबने की समस्या
• हाथ-पैरों में कंपन (Tremors) • चेहरे की नस का दर्द (ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया)

स्पाइन एवं कमर संबंधी समस्याएँ:
• कमर एवं गर्दन का दर्द • सायटिका (Sciatica) • स्पॉन्डिलाइटिस • स्पाईन सर्जरी
• डिस्क स्लिप • स्पाइनल कॉर्ड की बीमारियाँ • ब्रेन एवं स्पाइन की चोटों का उपचार

आधुनिक सुविधाएँ:
• अनुभवी न्यूरोलॉजिस्ट एवं न्यूरोसर्जन • सटीक जाँच एवं विशेषज्ञ परामर्श
• पूरी तरह सुसज्जित आईसीयू एवं ऑपरेशन थियेटर • मस्तिष्क, रीढ़ एवं नसों के रोगों की सम्पूर्ण देखभाल • EEG • EMG • NCV जाँच की सुविधा

ESI इंश्योरेंस द्वारा इलाज सम्भव

MARK HOSPITAL
SERVING - CARING - HEALING SINCE 2013
Tertiary Care - Super Speciality Hospital
NABH Accredited Hospital
Chantidih Road, Sarkanda, Bilaspur 495006 (C.G.)

24x7 SERVICES • CT SCAN • PATHOLOGY • PHARMACY • ICU
FOR AMBULANCE CALL:- 9691700486

Contact No:
07752-796230, 9039028850
Website: www.markhospital.com

AdPRAYAS



खबर संक्षेप



दीपका के पुष्प वाटिका में किया गया श्रमदान

कोरबा। स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत गुरुवार नगर पालिका परिषद दीपका क्षेत्र अंतर्गत पुष्प वाटिका में विशेष श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के साथ-साथ नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना रहा। श्रमदान कार्यक्रम में नगर पालिका के जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों एवं आमजनों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। सभी ने मिलकर पुष्प वाटिका परिसर की साफ-सफाई की तथा आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने में अपना योगदान दिया। इस दौरान स्वच्छता को केवल अभियान तक सीमित न रखते हुए इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम रत्नेश, वरिष्ठ पार्षद अरुणीश तिवारी, पार्षद संतोष निराला, इंजीनियर नारायण आदित्य सहित नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी एवं आमजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नगर पालिका के अधिकारियों ने कहा कि स्वच्छ शहर का निर्माण केवल नगर पालिका की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता बनाए रखने में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से ही दीपका को स्वच्छ, सुंदर और बेहतर शहर के रूप में विकसित किया जा सकता है।

गोद भराई, अन्नप्राशन और पोषण प्रदर्शनी के माध्यम से दिया स्वास्थ्य का संदेश



कोरबा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग ने 28 सितंबर को करतला विकासखंड के ग्राम बेहरचुवां में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित किया। परियोजना अधिकारी श्रीमती रागिनी प्रधान के मार्गदर्शन में हुए कार्यक्रम में ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती द्रौपती बाई राठिया मुख्य अतिथि रहीं। कार्यक्रम में गोद भराई और अन्नप्राशन संस्कार के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार व नियमित स्वास्थ्य जांच तथा अभिभावकों को बच्चों के पूरक आहार की जानकारी दी गई। स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता, रंगोली, मातृ संवाद, न्योता भोज और पोषण प्रदर्शनी में महिलाओं व बच्चों ने उत्साह से भाग लिया। प्रदर्शनी में स्थानीय खाद्य पदार्थों से संतुलित आहार तैयार करने और आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा से जुड़ी गतिविधियों को प्रदर्शित किया गया। स्वास्थ्य कर्मियों ने महिलाओं और बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर स्वच्छता एवं देखभाल संबंधी जानकारी दी। पर्यवेक्षक कौशिल्या बरेठ ने बच्चों के प्रारंभिक विकास से जुड़ी गतिविधियां प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधि, एएनएम, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों से आंगनबाड़ी केंद्रों की सेवाओं का नियमित लाभ लेने की अपील की गई।

रंगोली में विद्यार्थियों ने उकेरी विकसित भारत की संकल्पना



कोरबा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासकीय ई.व्ही.पी.जी. महाविद्यालय, कोरबा में महाविद्यालय स्तरीय 'सेवा के रंग' रंगोली कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने रंगोली के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत, वोकल फॉर लोकल, स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन और समावेशी विकास जैसे विषयों पर विकसित भारत की संकल्पना प्रस्तुत की। माय भारत युवा कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी सतीश प्रकाश सिंह ने रंगोली का अवलोकन कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित गतिविधियां युवाओं को अपनी रचनात्मक प्रतिभा दिखाने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का अवसर देती हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एल.एन. कंवर ने भी विद्यार्थियों को अभियान में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। रंगोली में स्वदेशी, महिला एवं श्रमिक सशक्तीकरण, औद्योगिक और कृषि विकास के संदेश भी प्रदर्शित किए गए। कार्यक्रम में सहायक नोडल अधिकारी डॉ. दिनेश श्रीवास, संयोजक श्रीमती मधु कंवर और समिति के सदस्यों ने सहयोग किया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयास और रचनात्मकता की सराहना की। महाविद्यालय की रंगोली का चयन 7 अक्टूबर को कोरबा के घंटाघर के पास आयोजित होने वाले जिला स्तरीय 'सेवा के रंग' कार्यक्रम के लिए किया गया है।

टेंडर के बाद काम अटकने का दावा, निगम के पत्र के बावजूद स्थायी मरम्मत नहीं

सुनालिया पुल के पास क्षतिग्रस्त रिटर्निंग वॉल से हादसे का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के व्यस्तम पावर हाउस रोड पर सोनालिया पुल के पास नहर की रिटर्निंग वॉल बुरी तरह क्षतिग्रस्त है। सड़क से लगे इस हिस्से में दीवार की स्थिति लगातार खराब होने से हादसे की आशंका बनी हुई है। नगर निगम की ओर से 19 मार्च को जल संसाधन विभाग को पत्र लिखकर क्षतिग्रस्त दीवार की जानकारी दिए जाने की बात सामने आई है। इसके बावजूद अब तक स्थायी मरम्मत नहीं होने को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक रिटर्निंग वॉल के निर्माण या मरम्मत के लिए जल संसाधन विभाग की ओर से टेंडर प्रक्रिया की गई थी। बताया जा रहा है कि टेंडर प्रक्रिया के बाद किसी ठेकेदार द्वारा काम में रुचि नहीं दिखाए जाने के कारण कार्य आगे नहीं बढ़ सका। हालांकि इस संबंध में विभाग की ओर से आधिकारिक स्पष्टीकरण सामने नहीं आया है। काम आगे नहीं बढ़ने के बीच क्षतिग्रस्त दीवार की स्थिति और खराब होने की बात कही जा रही है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि यदि दीवार की स्थिति पहले से चिंताजनक थी, तो स्थायी मरम्मत होने तक वैकल्पिक और पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था क्यों नहीं की गई। नगर निगम की ओर से 19 मार्च को संबंधित विभाग को पत्र लिखकर रिटर्निंग वॉल की मरम्मत के लिए अवगत कराने की जानकारी सामने आई है। हालांकि पत्र के बाद विभाग ने क्या कार्रवाई की, इसकी आधिकारिक जानकारी फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सकी है। मौके पर स्थायी मरम्मत का काम शुरू नहीं होने के कारण अब यह सवाल उठ रहा है कि निगम के पत्र पर विभागीय स्तर पर क्या कदम उठाए गए और काम लंबित रहने की वास्तविक वजह क्या है। मामले की वास्तविक स्थिति, टेंडर की वर्तमान स्थिति और आगे की कार्ययोजना जानने के लिए जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया पर संबंधित अधिकारी से संपर्क नहीं हो सका।



क्षतिग्रस्त रिटर्निंग वॉल।

फिलहाल बांस की बल्लियों और रेडियम का सहारा

क्षतिग्रस्त हिस्से के आसपास फिलहाल बांस की बल्लियां और रेडियम लगाकर लोगों को सावधान करने की व्यवस्था की गई है। व्यस्त सड़क के किनारे स्थित क्षतिग्रस्त रिटर्निंग वॉल को देखते हुए स्थानीय स्तर पर स्थायी सुरक्षा और मरम्मत की मांग उठ रही है। निगम के सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने मामले को गंभीर बताते हुए कलेक्टर से जिम्मेदार अधिकारी और ठेकेदार के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की है। सभापति का आरोप है कि नहर से जुड़े कार्यों में पहले भी लापरवाही के मामले सामने आए हैं। उन्होंने पूरे मामले की जांच कर जिम्मेदारी तय करने की मांग की है। हालांकि इन आरोपों पर संबंधित अधिकारियों या ठेकेदार का पक्ष सामने नहीं आया है।

वरिष्ठजनों हेतु जागरूकता शिविर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन



शिविर में उपस्थित वरिष्ठजन एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वरिष्ठजनों के कल्याण, स्वास्थ्य एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से 1 अक्टूबर को स्नेह सदन वृद्धा आश्रम में वरिष्ठजनों हेतु जागरूकता एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा द्वारा समाज कल्याण विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से किया गया। शिविर में उपस्थित वरिष्ठजनों को उनके अधिकारों, शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, वृद्धावस्था पेंशन, निःशुल्क विधिक सहायता तथा वरिष्ठ नागरिकों के संरक्षण से संबंधित प्रावधानों की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा वरिष्ठजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में उपस्थित वृद्धजनों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। साथ ही स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित स्वास्थ्य जांच कराने, संतुलित आहार लेने एवं स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में वरिष्ठजनों की समस्याओं को सुना गया तथा उनके निराकरण हेतु संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही किए जाने के संबंध में जानकारी दी गई। इस शिविर में सचिव जिला विधिकसेवा प्राधिकरण कोरबा, कु0 डिम्पल, एच.एम.ओ, डॉ. श्रीराम राठिया, ए.एम.ओ, डॉ.सपना मिश्रा, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ.वर्षा पटेल, फार्मासिस्ट श्रीमती संतोषी पैंकरा, फार्मासिस्ट श्रीमती भारती कटकवार आदि उपस्थित थे।

सिंघिया के सेवा सेतु शिविर में हितग्राहियों तक पहुंचा योजनाओं का लाभ



शिविर में हितग्राहियों को चेक वितरण करते जिपं अध्यक्ष व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिंझरा

सेवा संकल्प अभियान के तहत पोड़ी-उपरोड़ा विकासखंड के ग्राम सिंघिया में आयोजित सेवा सेतु शिविर में विभिन्न विभागों ने हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया। किसी किसान को खेती के लिए बीज मिला तो किसी को किसान क्रेडिट कार्ड। महिलाओं के स्व-सहायता समूहों को ऋण स्वीकृति पत्र दिए गए। शिविर में आवास योजना की चाबी और पेंशन स्वीकृति आदेश भी प्रदान किए गए।

कृषि विभाग ने मान सिंह और राय सिंह, निवासी कोरबी तथा चंचल डिक्सेना, चम्पा बाई, धन सिंह, विपत बाई, हरियर सिंह, सरोज डिक्सेना और इतवार सिंह, निवासी सिंघिया को किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ दिया। वहीं, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी की सूची के अनुसार भांवर के अमृत सिंह, जवाहर सिंह, अमर सिंह, परदेशी सिंह और प्रभुदयाल तथा डोंगरताई के दयानंद, हरदयाल सिंह, मनमोहन सिंह, गीता प्रसाद और विजय मरकाम को स्वायल हेल्थ कार्ड वितरित किए गए। आजीविका से जुड़ी योजनाओं में कर्णी स्व-सहायता समूह, सिंघिया को 3 लाख रुपए, जय मां सर्वमंगला स्व-सहायता समूह, कोरबी को 6 लाख रुपए और सर्वमंगला स्व-सहायता समूह, भांवर को 3 लाख रुपए के बैंक ऋण स्वीकृति पत्र दिए गए। समूहों की ओर से क्रमशः सावित्री, संतोषी, सुमित्रा राठौड़, सुमिता कुई और सविता यादव, मीरा बाई के नाम सूची में दर्ज हैं। कोरबी की संजू गोंड को स्वरोजगार के लिए 1 लाख रुपए ऋण का स्वीकृति पत्र मिला। महिला कोष की सूची में नगोंई बछेरा की उषा बाई के लिए 1.20 लाख रुपए का प्रकरण स्वीकृत है। त्रिवेणी स्व-सहायता समूह, अंचानकपुर और लक्ष्मी स्व-सहायता समूह, सुतर्रा को 2-2 लाख रुपए तथा ज्योति स्व-सहायता समूह, पसान को 1 लाख रुपए ऋण स्वीकृति का लाभ मिला।

जनपद पंचायत करतला में किया गया स्वच्छता एवं श्रमदान



श्रम दान करते हुए स्वच्छता दीदी एवं जनप्रतिनिधि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़वारानी

स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026 अंतर्गत प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में जनपद पंचायत करतला परिसर एवं आसपास के विभिन्न स्थलों पर स्वच्छता एवं साफ-सफाई संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों, स्व-सहायता समूह की महिलाओं एवं स्थानीय ग्रामीणजनों द्वारा सामूहिक रूप से श्रमदान करते हुए परिसर एवं निर्धारित स्थलों की साफ-सफाई की गई।

कार्यक्रम में श्रीमती अशोक बाई कंवर अध्यक्ष जनपद पंचायत करतला, अजय कंवर, दुलार सिंह राठिया जनपद सदस्य, राकेश यादव, श्रीमती फूल बाई राठिया सरपंच, आकाश सक्सेना एसएमडीसी अध्यक्ष, विश्राम सिंह कंवर, सरपंच ग्राम पंचायत कोथारी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आमजन को अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ एवं साफ-सुथरा रखने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही नियमित रूप से स्वच्छता गतिविधियों में सहभागिता सुनिश्चित करने तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण में सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत आयोजित इस सामूहिक स्वच्छता एवं श्रमदान कार्यक्रम के माध्यम से जनपद पंचायत करतला क्षेत्र में स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता एवं सहभागिता को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छता को जनआंदोलन का स्वरूप प्रदान करते हुए स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुंदर परिवेश के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित करना है। इस मौके पर वैभव कुमार कौशिक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत करतला, यशवंत बघेल, डीईओ, आलोक कुमार गुप्ता, एडीईओ, राजकुमार कंवर, एडीईओ, जनपत राठिया, करारोपण अधिकारी, सुरेश कुमार निर्मलकर, एनआरएलएम सहित जनपद पंचायत करतला के समस्त अधिकारी-कर्मचारी, स्व-सहायता समूह उपस्थित रहे।

छुरीकला में सेवा सेतु अभियान शिविर का आयोजन



बस स्टैण्ड स्थित सांस्कृतिक मंच छुरीकला में सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक सेवा सेतु अभियान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती पद्मिनी प्रीतम देवांगन अध्यक्ष, हीरानंद पंजवानी, उपाध्यक्ष, तहसीलदार महोदय, कटघोरा, भाजपा मंडल अध्यक्ष अभिषेक गर्ग, मंडल महामंत्री संजीत सिंह, मंडल मंत्री डेकरांत देवांगन, नरेश देवांगन, वरिष्ठ भाजपा नेता, श्रीमती संतोषी दीवान, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, दीपका, श्रीमती प्रीति चौहान एवं करुणा शंकर देवांगन, श्याम कुमार साहू, सुभाष जोशी, जगराम यादव, रमेश श्रीवास, तीरथराम गोंड, श्रीमती गायत्री श्रीवास्तव, श्रीमती जागेश्वरी साहू, राकेश प्रताप सिंह सहित समस्त पार्षदगण व एल्डरमेन की उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न शासकीय विभागों से आए हुए अधिकारी/कर्मचारियों के द्वारा आम जनता को शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई तथा शिकायत एवं मांग से संबंधित आवेदन प्राप्त किया गया।

सतरेंगा में किया गया श्रमदान

स्वच्छता ही सेवा एवं सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत गाँधी जयन्ती के अवसर पर जनपद पंचायत कोरबा के ग्राम पंचायत सतरेंगा में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत प्रातः 9 बजे से सतरेंगा पर्यटन स्थल परिसर में स्वच्छता साफ़ सफाई एवं वृक्षारोपण व स्वच्छता दीदियों को जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती श्रीमती कौशल्या कँवर, संजय कुमार राय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कोरबा एवं अधिकारी कर्मचारी, जनप्रतिनिध एवं सरपंच सचिव, रोजगार सहायक, स्वच्छग्राही द्वारा श्रमदान व वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।



सेवा सेतु शिविर में 72 आवेदन मिले अधिकांश का मौके पर निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीपका

नगर पालिका परिषद दीपका द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं उपस्थित नागरिकों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद नगर पालिका परिषद के बगल स्थित सामुदायिक भवन में सेवा सेतु अभियान सरकार आपके द्वार के तहत सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया।

सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित शिविर का उद्देश्य नागरिकों को एक ही स्थान पर शासन की विभिन्न योजनाओं, सेवाओं एवं सुविधाओं की जानकारी उपलब्ध कराना, पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ना तथा प्राप्त आवेदनों का यथासंभव त्वरित निराकरण करना था। शिविर में नागरिकों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने के बजाय एक ही स्थान पर विभिन्न शासकीय सेवाओं का लाभ लेने की सुविधा मिली। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, तहसील, कृषि विभाग, पशुधन विकास विभाग, उद्यान विभाग, राशन कार्ड, पेंशन, जन्म-मृत्यु पंजीयन, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, लोक निर्माण विभाग, राजस्व एवं सौर ऊर्जा सहित विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए। विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नागरिकों को संबंधित योजनाओं की पात्रता, आवश्यक दस्तावेज और आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दी। शिविर में विभिन्न विभागों से कुल 72 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से लगभग सभी आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया। इससे नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अलग-अलग विभागीय कार्यालयों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ी। शिविर में योगेश जैन, धर्मेंद्र शुक्ला, श्रीमती प्रीति स्वर्णकार, हरीश थड़वानी आदि उपस्थित थे।

भिलाईखुर्द स्कूल में किया गया वृक्षारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वार्ड क्र. 10 भिलाईखुर्द क्र. 02 शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में सेवा संकल्प अभियान के तहत वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर आयुक्त श्री पाण्डेय अधिकारी कर्मचारियों के साथ स्कूल के कक्षाओं का भ्रमण करते हुये छात्र-छात्राओं से उनके पाठ्य पुस्तक से संबंधित विषयों की पढ़ाई के संबंध में जानकारी ली। इस मौके पर एमआईसी सदस्य, पार्षद, एल्डरमेन, निगम के अधिकारी कर्मचारियों ने अपनी सहभागिता देते हुये पौधों का रोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण व हरित कोरबा के संकल्प को गति देते हुये वृक्षारोपण किया गया। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में निगम द्वारा वन विभाग के सहयोग से पर्यावरण संरक्षण एवं हरित कोरबा के संकल्प के साथ विगत 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान के तहत वृक्षारोपण का कार्य संचालित किया गया। इस अवसर पर भिलाईखुर्द स्कूल परिसर में विभिन्न प्रकार पौधों का रोपण उनके द्वारा तथा अन्य अतिथियो के द्वारा किया गया। इस मौके पर उद्यान विभाग के एमआईसी सदस्य सरोज शांडिल्य, अजय चन्द्रा, पार्षद चन्द्रलोक सिंह, पूर्व पार्षद सुफलदास महंत, जोन कमिश्नर रूचि साहू, उद्यान अधीक्षक आनंद राठौर, विनोद गोंड़, मनमोहन सूर्यवंशी, स्कूल के प्रधान पाठिका श्रीमती सुखमनी तिर्की, रश्मि त्रिपाठी आदि उपस्थित थे।

सम्मान, स्नेह और शुभकामनाओं के साथ उद्योग मंत्री के आतिथ्य में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस

वृद्धजनों का अनुभव व आशीर्वाद नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शन का आधार : लखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य में राजीव गांधी इंडोर ऑडोटोरियम में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर वरिष्ठ वंदन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने कार्यक्रम में वरिष्ठजनों एवं वृद्धजनों को शॉल , श्रीफल, पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित करते हुए सभी को वृद्ध जन दिवस की शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम में विधायक कटघोरा प्रेमचंद पटेल, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, सभापति नगर निगम नूतन सिंह ठाकुर, कलेक्टर कुणाल दुदावत, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रतीक जैन,



कार्यक्रम में उपस्थित उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन एवं अन्य।

निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, गोपाल मोदी, डॉ राजीव सिंह, अध्यक्ष सियान सदन जे के तिवारी, अजय चंद्रा, योगेश मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि माता-पिता तुल्य वृद्धजनों का सम्मान करना गर्व की बात है। उनका सम्मान करना हम सबका दायित्व है। वृद्धजन हमारे मार्गदर्शक एवं अमूल्य संस्कृति के धरोहर है। उनके मार्गदर्शन में ही हम सब आगे बढ़ते है। उनका आशीर्वाद बहुमूल्य धन है। इनका देखभाल सरकार और समाज दोनों की ही जिम्मेदारी है। वृद्धजनों की सुविधा के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि सरकार द्वारा वृद्धजनों हेतु अनेक लाभकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। साथ ही जिले में उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए अनेक कल्याणकारी कार्य किए गए हैं। डीएमएफ से वृद्धाश्रम का संचालन किया जा रहा है। नगर के सियान सदन में वृद्धजनों की सहूलियत हेतु वातानुकुलित एसी सहित अन्य सुविधा भी सुनिश्चित की जा रही है। कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में निरंतर सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान संचालित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री के विकसित भारत 2047 की संकल्पना को पूरा करने का कार्य छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की सरकार कर रही है। प्रदेश सरकार द्वारा गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्गों के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। वृद्धजनों को वृद्धापेंशन से सामाजिक सुरक्षा, व्यवन्दन कार्ड से निःशुल्क स्वास्थ्य इलाज का लाभ दिया जा रहा है। श्री देवांगन ने बताया कि कोरबा जिले में जिला खनिज न्यास के माध्यम से विभिन्न विकास कार्यों को गति मिली है। इसके अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूल भवनों, स्वास्थ्य सुविधाओं, आश्रम-छात्रावासों, पुल-पुलिया सहित अनेक विकास कार्य कराए जा रहे हैं।

राजपूत को दी गई विदाई

कोरबा। बालको के लॉजिस्टिक्स विभाग में अपनी 38 वर्षों की गौरवपूर्ण एवं समर्पित सेवा पूर्ण करने वाले एच. एस. राजपूत को लॉजिस्टिक्स प्लांट-3 में आयोजित कार्यक्रम के दौरान भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर लॉजिस्टिक्स टीम के सदस्यों ने उनके दीर्घ सेवाकाल, कार्यकुशलता एवं योगदान को याद करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। एच. एस. राजपूत ने वर्ष 1988 में पहली बार बालको में कदम रखा। अपने सेवाकाल के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों एवं परियोजनाओं में कार्य करते हुए अपने अनुभव और कार्यक्षमता की अमिट छाप छोड़ी। इस अवसर पर राजेश नागराज, शशिकांत शर्मा, रवि महाडिक, राजशेखर साहू, आशीष कुम्भकर, सुमित सोनी, आशाराम साहू, शिवकांत बरेठ, द्वारिका चतुर्वेदी, विक्रम सिंह, गोरे लाल यादव आदि उपस्थित थे।

खबर संक्षेप



माताओं ने रखा जितिया व्रत, संतान की दीर्घायु की कामना

कोरबा। पूर्वांचल एवं उत्तर भारत की समृद्ध लोक परंपराओं से जुड़ा जीवित्पुत्रिका (जितिया) व्रत कोरबा और उपनगरीय क्षेत्रों में श्रद्धा एवं आस्था के साथ मनाया गया। पुत्रवती माताओं ने अपनी संतान की दीर्घायु, सुख-समृद्धि, अच्छे स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य की कामना को लेकर विधि-विधान से व्रत रखा और पूजा-अर्चना की। व्रत की शुरुआत एक दिन पूर्व नहाय-खाय की परंपरा के साथ हुई। व्रती महिलाओं ने दूसरे दिन निर्जला व्रत रखा। दिनभर व्रती महिलाओं ने पूजा-पाठ किया और शाम को सामूहिक रूप से जीवित्पुत्रिका व्रत की कथा का श्रवण किया। इस दौरान भगवान शिव-पार्वती सहित व्रत से जुड़े देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना कर संतान की लंबी आयु और उनके संरक्षण की कामना की गई। जितिया व्रत की कथा में माता के अपनी संतान के प्रति अटूट स्नेह, त्याग और संतान की रक्षा के भाव का वर्णन मिलता है। मान्यता है कि इस व्रत के प्रभाव से संतान पर आने वाले संकट टलते हैं और उन्हें दीर्घायु तथा सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है। महिलाओं ने इसी भावना के साथ व्रत की परंपरा को माना।

रामपुर व कोरबा क्षेत्र के बीएलओ को दिया गया चुनावी साक्षरता क्लब का प्रशिक्षण

कोरबा। भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में 20-रामपुर और 21-कोरबा विधानसभा क्षेत्र के बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) का चुनावी साक्षरता क्लब (ईएलसी) संबंधी प्रशिक्षण 1 अक्टूबर को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में कोरबा एवं करतला विकासखंड के बीएलओ शामिल हुए।अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती माधुरी सोम ठाकुर ने बीएलओ को अपने मतदान केंद्रों में ईएलसी गठित कर स्वीप कार्ययोजना के अनुरूप मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गतिविधियों का संचालन भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जाए। सहायक जिला स्वीप नोडल अधिकारी सतीश प्रकाश सिंह ने कहा कि मतदाता जागरूकता में बीएलओ की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने 14 से 17 वर्ष आयु के भावी मतदाताओं, 18 से 25 वर्ष के युवा मतदाताओं तथा महिला, दिव्यांग, बुजुर्ग और थर्ड जेंडर मतदाताओं सहित सभी वर्गों तक चुनावी प्रक्रिया की जानकारी पहुंचाने को कहा। उन्होंने मतदाता पंजीकरण, मतदाता सेवाओं, मतदान के महत्व और लोकतांत्रिक मूल्यों के बारे में मतदान केंद्र स्तर पर जागरूकता गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए।

सेवा, समर्पण और सामाजिक सहभागिता का संदेश लेकर पहुंची बाइक यात्रा

कोरबा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों की यात्रा और सेवा भावना से प्रेरित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित वडनगर से वाराणसी बाइक यात्रा का कोरबा जिले के भैसमा, उरगा मंडल में उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित यह बाइक यात्रा सेवा, समर्पण और सामाजिक सहभागिता की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश लेकर आगे बढ़ रही है। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने अभियान के उद्देश्यों के अनुरूप सेवा कार्यों में सक्रिय भागीदारी का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन एवं भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों की सहभागिता रही। यात्रा के स्वागत कार्यक्रम ने कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार किया तथा सेवा संकल्प अभियान के संदेश को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम में जगदीश रामू रोहरा, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, गोपाल मोदी, संजूदेवी राजपूत, डॉ. राजीव सिंह, अजय विश्वकर्मा, रुक्मणी नायर आदि उपस्थित थे।

पृष्ठ 1 का शेष

तीन दिन बाद...

रखते हुए टीम ने लगातार प्रयास जारी रखा। तीन दिनों की कड़ी मशक्कत के बाद शनिवार शाम आखिरकार सोनसाय का शव मलबे से बाहर निकाल लिया गया। शव बरामद होने के बाद पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद से ही मृतक के परिवार में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। हादसे के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुटे रहे और रेस्क्यू अभियान के पूरा होने का इंतजार करते रहे। तीन दिन तक चले अभियान के बाद शव बरामद होने के साथ ही रेस्क्यू कार्य समाप्त कर दिया गया। प्रशासन और पुलिस की ओर से घटना को लेकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

वादाखिलाफी से आक्रोशित वार्डवासियों ने आंदोलन की दी चेतावनी

इरकॉन, राइट कंपनी और रेलवे प्रबंधन से कृष्णा नगर के लोगों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीपका गेवरा-पेंड्रा रेल लाइन से जोड़ने वाली कृष्णा नगर में एसईसीएल के कोयला लदान (कोल लोडिंग) हेतु बिछाई जा रही रेल लाइन के निर्माण कार्य में इरकॉन व राइट कंपनी और रेलवे प्रबंधन द्वारा की जा रही वादाखिलाफी को लेकर वार्डवासियों में भारी नाराजगी और आक्रोश व्याप्त है।

पूर्व में कृष्णा नगर के निवासियों और राजस्व विभाग के समक्ष अधिकारी की उपस्थिति में मौखिक रूप से रेलवे प्रबंधन के बीच यह स्पष्ट समझौता व भरोसा दिलाया गया था कि वार्ड की मूलभूत सुविधाओं जैसे पक्की सड़क नाली मंदिर एवं सांस्कृतिक स्टेज भवन का निर्माण कार्य पहले पूरा किया जाएगा उसके बाद ही रेल लाइन बिछाने के काम को प्राथमिकता दी जाएगी परंतु इरकॉन व राइट कंपनी द्वारा समझौते और वार्डवासियों के मौलिक अधिकारों की खुलेआम अनदेखी कर निर्माण कार्य तेजी से कराया जा रहा है। इसी संदर्भ में कृष्णा नगर वार्ड क्रमांक 7 के



बैठक में चर्चा करते ग्रामीण।

निवासियों की एक विशेष एवं आवश्यक बैठक आहुत की गई बैठक में वार्ड की लंबित समस्याओं और अधूरे पड़े विकास कार्यों पर गहन चर्चा-परिचर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इन सभी जनसमस्याओं व मौलिक अधिकारों की पुर्नबहाली हेतु रेलवे प्रबंधन एवं संबंधित जिम्मेदार विभागों को जल्द ही एक ज्ञापन सौंपा जाएगा। वार्डवासियों ने शासन-प्रशासन और रेलवे प्रबंधन को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि इरकॉन व राइट कंपनी द्वारा कृष्णा नगर की मूलभूत व्यवस्थाओं को शीघ्र सुनिश्चित नहीं किया गया तो वे आंदोलन के लिए मजबूर व विवश होना पड़ेगा आंदोलन के दौरान होने वाली किसी भी अप्रिय स्थिति विधि-व्यवस्था व व्यवधान की संपूर्ण जिम्मेदारी रेलवे प्रबंधन एवं इरकॉन व राइट कंपनी की होगी। बैठक में प्रमुख रूप से मूलचंद मंसूर ललित महिलांगे, लक्ष्मण गुप्ता, सरताज कुरैशी कन्हैया पवन गुप्ता प्रभाष तांती सोहन पंडित मो. शमीम अंसारी राधे बरेठ सुनील शर्मा शंभू लोहार मो. अशरफ दुलार बेक छोटेलाल मीना थापा गीता महंत जगत बाई चौहान उमा महंत सोना गोस्वामी सती देवी महंत सीमा देवी शर्मा बालमती बारिया इफाना कुरैशी सहित बड़ी संख्या में कृष्णा नगर के वार्डवासी उपस्थित थे।

प्रमुख समस्याएँ

शासकीय माध्यमिक शाला से दीपका की ओर जाने वाली रेल लाइन के बीच आवागमन हेतु अंडरग्राउंड ब्रिज का निर्माण तो किया गया है परंतु स्कूल से लेकर ब्रिज तक की सड़क का निर्माण कार्य इरकॉन व राइट कंपनी द्वारा आधा-अधूरा छोड़ दिया गया है। वार्ड में जल निकासी हेतु नालियों का निर्माण कार्य अब तक शुरू ही नहीं किया गया है जिससे वार्ड में गंदगी और जलजमाव की समस्या बनी हुई है। कृष्णा नगर को दीपका बस्ती से जोड़ने वाले रास्ते (ट्रांसफार्मर के समीप) स्थित दूसरे अंडर ब्रिज का कार्य भी पूरा हो गया है लेकिन इरकॉन व राइट कंपनी के द्वारा सड़क का काम अधूरा छोड़ दिया गया है जिससे स्थानीय लोगों का आवागमन बेहद जोखिमभरा हो गया है।

केसीसी में अभीरंग का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा शिक्षण समिति द्वारा संचालित अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर से सम्बद्धित कोरबा कम्प्यूटर महाविद्यालय (केसीसी) में नवप्रवेशित बीसीए, बीबीए, बीकाम प्रथम सेमेस्टर, डीसीए, पीजीडीसीए एवं एमएससी (सीएस प्रथम सेमेस्टर) के छात्रों का स्वागत एवं मिलन समारोह अभीरंग 2026 का आयोजन मुख्य आतिथि कोरबा शिक्षण समिति के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमति रंजना अग्रवाल, कोषाध्यक्ष, कोरबा शिक्षण समिति की अतिथ्य में स्थानीय होटल औरा गोल्ड टीपी नगर में सम्पन्न हुआ। नवप्रवेशित छात्रों के लिए विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया जिसमें हिमांशु एवं योगिता विजयी हुए। महाविद्यालय के निर्देशक राजेश अग्रवाल ने महात्मा गाँधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिवस पर उन्हें श्रद्धांजली अर्पित किये। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय टेक्नोलाजी का समय है, टेक्नोलाजी बहुत तेजी से विकसित हो रही है, वर्तमान समय में अपने अंदर 3 चीजों का होना विकसित होना अत्यंत आवश्यक है नालेज, स्कील एवं कैरेक्टर, नालेज हमें बताता है कि हमें क्या करना है, स्कील हमें सिखाता है कि कैसे करना है, पर हमारा कैरेक्टर ही तय करता है कि हम समाज में अपने नालेज एवं स्कील का इस्तेमाल कैसे करना है। उन्होंने आगे बताया कि हमें दूसरों से आगे बढ़ने का प्रयास दूसरों को पीछे ढकेलकर नहीं बल्कि खुद का आगे बढ़ाकर करना चाहिए, हमें हमेशा भीड़ का हिस्सा नहीं बनना चाहिए बल्कि खुद को इस स्तर का बनाना चाहिए कि हमसे मिलने के लिए भीड़ को इकठ्ठा होना पड़े। इसी कड़ी में महाविद्यालय में नवप्रवेशित छात्रों को स्मृति चिन्ह दिया गया, साथ ही मिस्टर फ्रेशर हिमांशु भार्गव (बीसीए प्रथम सेम) एवं प्रतीक राठौर (बीबीए प्रथम सेम) तथा मिस फ्रेशर योगिता महंत (बीसीए प्रथम सेम) एवं हर्षिता कर्ष (बीकाम प्रथम सेम) को चुना गया, कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी वरिष्ठ छात्रों का सहयोग रहा।

धार्मिक प्रतीक चिन्ह बनाओ, बासौड़ा की रसोई और जीतो गुनगुनाते प्रतियोगिताएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अग्रवाल सभा द्वारा समाज के महाराजा अग्रसेन जयंती के खेल महाकुम्भ में अयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में अग्रवाल महिला मंडल के द्वारा धार्मिक प्रतीक चिन्ह बनाओं, बासौडा की रसोई एवं अग्रसेन नवयुवक मंच के द्वारा जीतो गुनगुना के प्रतियोगिता अयोजन किया गया। धार्मिक प्रतीक चिन्ह बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों को भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं एवं आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ने का प्रयास किया गया। रंगों, रेखाओं और आकृतियों के माध्यम से प्रतिभागियों ने अपनी भावनाओं को कागज पर उकेरा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं से परिचित कराना, उनमें रचनात्मक अभिरुचि विकसित करना तथा भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान और आस्था की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। बासौड़ा की रसोई बनाओ प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को अपने व्यंजनों की तैयारी एवं आकर्षक प्रस्तुतिकरण के लिए 30 मिनट का समय दिया गया। सभी ने निर्धारित समय सीमा का ध्यान रखते हुए व्यंजनों के स्वाद, साज-सज्जा, स्वच्छता एवं प्रस्तुतिकरण पर विशेष ध्यान दिया। किसी ने पारंपरिक व्यंजनों के माध्यम से अपनी पाककला का प्रदर्शन किया, तो किसी ने आकर्षक सजावट और अनूठे अंदाज से अपनी प्रस्तुति को विशेष बनाया। सीमित समय में स्वादिष्ट एवं आकर्षक व्यंजन तैयार करना प्रतिभागियों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का एक अच्छा अवसर रहा। बासौड़ा की रसोई भारतीय संस्कृति और पारंपरिक खानपान से जुड़ी एक महत्वपूर्ण परंपरा है। अग्रसेन नवयुवक मंच के द्वारा अयोजित जीतो गुनगुना के अंतर्गत मनोरंजन और संगीत से भरपूर म्यूजिकल एवं वीडियो हाउजी का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रियम अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, उत्कर्ष अग्रवाल, संजू अग्रवाल, अमन अग्रवाल, निश्चल टमकोरिया, उत्तम अग्रवाल, राहुल सिंघल, प्रवेश अग्रवाल, पार्थ गोयल, पीयूष अग्रवाल, प्रतीक केडिया, अंशु अग्रवाल, सत्यम अग्रवाल उपस्थित थे।

हाउजी में अनुष्का, नारियल फेंको में ज्योति तो बैलून ट्विस्टिंग में मीतू व सोनम ने मारी बाजी



प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

अग्रसेन जयंती के पूर्व आयोजित इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य समाज के लोगों को एक मंच पर एकत्रित करना, आपसी मेलजोल बढ़ाना तथा सामाजिक एकता एवं भाईचारे की भावना को मजबूत करना है। प्रतियोगिताओं के दौरान प्रतिभागियों में जीत को लेकर उत्साह देखने को मिला, वहीं उपस्थित समाजजनों ने तालियों और उत्साहवर्धन के साथ प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया। अग्रसेन भवन का प्रांगण पूरे आयोजन के दौरान हंसी-खुशी और मनोरंजन के रंग में रंगा रहा।

कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वप्रथम हाउजी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। खेल के दौरान सभी की निगाहें परिणाम पर टिकी रहीं। रोचक मुकाबले के बाद ने श्रीमती अनुष्का अग्रवाल पति विकास अग्रवाल प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सुनंदा अग्रवाल पिता नवीन अग्रवाल द्वितीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता ने आयोजन की शुरुआत को उत्साहपूर्ण बना दिया और उपस्थित लोगों ने इसका आनंद लिया। नारियल फेंको प्रतियोगिता में प्रतिभागियों में श्रीमती ज्योति अग्रवाल पति ओमप्रकाश अग्रवाल प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि ममता सिंघानिया पति चंद्रप्रकाश सिंघानिया द्वितीय स्थान पर रहे। बैलून ट्विस्टिंग प्रतियोगिता में मीतू अग्रवाल व सोनम अग्रवाल की जोड़ी प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अन्वी अग्रवाल व सीधी अग्रवाल की जोड़ी द्वितीय स्थान पर रहीं। पांचों प्रतियोगिताओं को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में अग्रवाल महिला मंडल एवं अग्रवाल नवयुवक मंडल कटघोरा के सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

प्रत्येक जाति को एक यूनिक कोड की मांग को लेकर निकाला मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



रैली निकालते कांग्रेसी।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अनिल जयहिंद, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश अध्यक्ष केशव चंद्राकर के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी शहर/ग्रामीण पिछड़ा वर्ग विभाग के द्वारा जनगणना प्रपत्र में ओबीसी कॉलम जोड़ने, पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग जातियों की वैज्ञानिक जनगणना, प्रत्येक जातियों को एक यूनिक कोड की मांग को लेकर कोसाबाड़ी चौक से कलेक्टर कार्यालय तक मार्च एवं महामहिम राष्ट्रपति को कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन देने का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग कांग्रेस श्याम सुन्दर सोनी, जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा शहर अध्यक्ष मुकेश राठौर, जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चौहान, जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग कोरबा शहर गजानंद प्रसाद साहू, जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग कोरबा ग्रामीण राजेश मानिकपुरी, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम कृपाराम साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष कोरबा शहर नाथूराम यादव, ओबीसी महासभा के जिलाध्यक्ष नकुल राजवाड़े, संतोष राठौर पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष कोरबा शहर, गोरे लाल यादव ब्लॉक अध्यक्ष कटघोरा ग्रामीण, दुष्यंत शर्मा पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष बालको, प्रेमलाल साहू जिलाउपाध्यक्ष कोरबा पिछड़ा वर्ग, आरिफ खान, गणेशदास महंत, कार्तिक राम केंवट, राजाराम जायसवाल, मनहरण राठौर, जवाहर लाल, सत्व प्रकाश साहू, रामकुमार कौशिक, कोरबा ग्रामीण से ब्लॉक अध्यक्ष रामगोपाल यादव, रामदुलार कश्यप, पवन सिंह यादव, बजरंग दास, निरंजन श्रीवास, सपूरन दास महंत, संतोष दास महंत, गोपाल श्रीवास, उमेश दास, जगमोहन दास, संत चौहान, राजाराम जायसवाल, पुरुषोत्तम साहू, नोहर दास, जय सिंह पटेल उपस्थित रहे।

रिस्दी चौक रोशन, रात में राहगीरों और वाहन चालकों को मिली सुविधा

कोरबा। रात के समय लगातार दौड़ते भारी वाहन, चारों दिशाओं से जुड़ता व्यस्त मार्ग और चौक पर छाया अंधेरा, रिस्दी चौक से गुजरने वाले लोगों के लिए यह स्थिति लंबे समय से सावधानी की मांग करती थी। शहर को झगरहा-उरगा, रजगामार और बालको क्षेत्र से जोड़ने वाले इस प्रमुख मार्ग पर भारी वाहनों सहित बड़ी संख्या में छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। खासकर रात के समय सड़क पर पर्याप्त रोशनी नहीं होने से राहगीरों और वाहन चालकों को आगे की स्थिति समझने में कठिनाई होती थी। इससे आवागमन में असुविधा के साथ सड़क दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती थी। इस आवश्यकता को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) से उपलब्ध संसाधनों के माध्यम से क्रेडा विभाग के सहयोग से रिस्दी चौक में सोलर हाईमास्ट लाइट स्थापित की गई है। सौर ऊर्जा आधारित यह प्रकाश व्यवस्था अब रात में चौक और आसपास के मार्ग को रोशन कर रही है। हाईमास्ट की रोशनी से सड़क, चौक और वाहनों की आवाजाही अधिक स्पष्ट दिखाई देती है, जिससे पैदल चलने वाले लोगों, दोपहिया वाहन चालकों तथा अन्य राहगीरों को आवागमन में सुविधा मिल रही है। बैटरी बैकअप की सुविधा से मौसम खराब होने या विद्युत आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में भी प्रकाश व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलती है।

श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं के प्रसंग से भक्तिमय हुआ राधाकृष्ण मंदिर परिसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

छारिया गोयल परिवार कटघोरा द्वारा राधाकृष्ण मंदिर कटघोरा के प्रांगण में 29 सितंबर से 5 अक्टूबर तक आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में प्रतिदिन श्रद्धालु भक्ति भाव के साथ कथा का श्रवण कर रहे हैं। कथा के पांचवें दिवस वृंदावन से पधारे सुप्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य श्रीकान्त त्रिपाठी जी ने भगवान श्रीकृष्ण की मनोहारी बाल लीलाओं एवं गोवर्धन पूजा के प्रसंग सुनाया। कथा वाचक ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए उनके बाल स्वरूप की मनमोहक छवि प्रस्तुत की। उन्होंने भगवान की माखन चोरी, ग्वाल-बालों के साथ उनकी अठखेलियों तथा माता यशोदा के साथ बाल कृष्ण की लीलाओं का प्रसंग सुनाया। भगवान श्रीकृष्ण की इन लीलाओं का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। आचार्य जी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं केवल आनंद और मनोरंजन का माध्यम नहीं हैं, बल्कि उनमें प्रेम, वात्सल्य, सरलता और भक्ति के गहरे संदेश समाहित हैं। इसके पश्चात आचार्य श्रीकान्त त्रिपाठी जी ने गोवर्धन पूजा की कथा का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि जब ब्रजवासी भगवान इंद्र की पूजा की तैयारी कर रहे थे, तब बालक श्रीकृष्ण ने उन्हें गोवर्धन पर्वत की पूजा करने के लिए प्रेरित किया। भगवान ने ब्रजवासियों को समझाया कि प्रकृति, पर्वत, वन और गौवंश हमारे जीवन के आधार हैं तथा इनके प्रति कृतज्ञता का भाव रखना चाहिए। भगवान श्रीकृष्ण के संदेश से ब्रजवासियों ने गोवर्धन पर्वत की पूजा की। इंद्र के क्रोधित होने पर ब्रज में मूसलाधार वर्षा होने लगी। तब भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी कनिष्ठ अंगुली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर समस्त ब्रजवासियों और गौवंश की रक्षा की। सात दिनों तक भगवान ने ब्रजवासियों को पर्वत के नीचे आश्रय प्रदान किया। अंततः इंद्र को अपनी भूल का एहसास हुआ और उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की महिमा को स्वीकार किया। छारिया गोयल परिवार कटघोरा के द्वारा आयोजित इस श्रीमद्भागवत कथा में प्रतिदिन भगवान की महिमा और विभिन्न धार्मिक प्रसंगों का वर्णन किया जा रहा है। कथा का समापन 5 अक्टूबर को होगा। आयोजक परिवार ने समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने एवं पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।

श्रीकांत त्रिपाठी



कथा श्रवण करती महिलाएं।

कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गारंटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस, गनोरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार 25 वर्षों से स्थाई के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी-विदेशी लिंगवर्धक यंत्र उपलब्ध है
माँ सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा, मो. 90746 65998

स्वास्थ्य सेवा में बनाएं अपना सुनहरा भविष्य
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एण्ड पैरामेडिकल कॉलेज
मान्यता प्राप्त एवं परिषद से संबद्ध, MP MEDICAL COUNCIL से संबद्ध
पात्रता (ELIGIBILITY) केवल 12वीं पास (बायो विषय अनिवार्य) व्यावहारिक ज्ञान पर विशेष प्रशिक्षण
कोर्सेज (पाठ्यक्रम)
D.M.L.T. (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नोलॉजियन) (2 वर्ष)
O.T. TECHNICIAN (ऑपरेशन थिएटर टेक्नीशियन) (1 वर्ष)
X-RAY TECHNICIAN (एक्स-रे टेक्निशियन) (2 वर्ष)
CMS & ED (कम्युनिटी मेडिकल सर्विसेज & इमरजेंसी टेक्नीशियन) (1.5 वर्ष)
8770020185
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल, प्लॉट नं. 52, कोशाबाड़ी, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे, कोरबा, छत्तीसगढ़

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

खबर संक्षेप



एशियन गेम्स में संजू ने जीता स्वर्ण, जिले का बढ़ाया मान

कोरबा। एशियन गेम्स 2026 में भारतीय महिला कबड्डी टीम के साथ स्वर्ण पदक जीतकर कोरबा की बेटी संजू देवी यादव ने देश, छत्तीसगढ़ और कोरबा जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज की ओर से उनके घर पहुंचकर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। सम्मान समारोह के दौरान समाज के प्रतिनिधियों ने संजू देवी यादव को श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वर्ण पदक जीतने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि संजू देवी यादव की यह उपलब्धि कोरबा जिले के साथ-साथ पूरे छत्तीसगढ़ और यादव समाज के लिए गौरव का विषय है। यह सम्मान कार्यक्रम छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष जगनिक यादव एवं प्रदेश उपाध्यक्ष भगत सिंह यादव के मार्गदर्शन में एवं कोरबा के जिला अध्यक्ष रिखीराम यादव के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यकारी जिला अध्यक्ष मूरत यादव, सलाहकार सतानंद यादव, वार्ड क्रमांक 28 धर्मपुर के पार्षद श्रवण यादव, चैन सिंह यादव, छत राम यादव, दयानंद यादव, अमरिका यादव, दीनदयाल यादव एवं निखिल यादव सहित समाज के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

लव यू जिंदगी कार्यक्रम का हुआ आयोजन



कोरबा। लव यू जिंदगी कार्यक्रम के सफल एवं शानदार आयोजन के लिए कार्यक्रम के सभी प्रोजेक्ट डायरेक्टर्स एवं उपस्थित लायन सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशेष रूप से पीडीजी लायन एमडी माखीजा, पीएमजेएफ लायन कैलाशनाथ गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष लायन विक्रम अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लायन अतुल शाह, लायन जेके जैन एवं लायन कैलास अग्रवाल सहित समस्त उपस्थित लायन सदस्य उपस्थित रहे। आप सभी की सक्रिय सहभागिता, सहयोग एवं उत्साह ने लव यू जिंदगी कार्यक्रम को सफल एवं यादगार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर 2 सौ से ज्यादा स्टूडेंट और लगभग 40 शिक्षक भी उपस्थित रहे।

फसल गिरदावरी का काम बना प्रशासन के लिए मुसीबत का सबब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पटवारी, आरआई के बाद कृषि विस्तार अधिकारियों ने खींचा हाथ

फसलों की गिरदावरी कराना प्रशासन के लिए अब मुसीबत बनता जा रहा है। राज्य शासन के द्वारा 15 सितंबर से पूर्व पीवी ऐप से गिरदावरी कराने का आदेश जारी किया था, जबकि 30 सितंबर तक गिरदावरी कार्य को पूर्ण करने की अवधि तय की गई थी। पटवारियों और राजस्व निरीक्षकों ने इस कार्य का 25 तारीख से ही बहिष्कार कर दिया था और अब कृषि विस्तार अधिकारियों ने भी लिखित रूप से विभाग को इस कार्य से अलग रखने की सूचना दी है।

प्रति वर्ष फसलों की गिरदावरी राजस्व विभाग का मैदानी अमला पटवारियों के द्वारा किया जाता है। बीते दो वर्ष से इस कार्य में स्थानीय युवाओं को भी सर्वेयर के रूप में 10 रुपए प्रति खसरा के हिसाब से रखा गया है। अगस्त महीने से पटवारी अमला और सर्वेयर किसानों के खेतों में जाकर गिरदावरी का काय4 करते आ रहे थ। 30 सितंबर तक उन्हें इस कार्य को पूरा करना था और आधा काम गिरदावरी का राजस्व अमले के द्वारा पूर्ण कर लिया गया था। इसी बीच पीवी ऐप से गिरदावरी कराए जाने के आदेश से राजस्व अमला में हड़कंप मच गया। पटवारियों के बहिष्कार करने के बाद राजस्व निरीक्षकों ने भी बहिष्कार किया तब प्रशासन ने कृषि विस्तार अधिकारियों से इस कार्य को कराए जाने का आदेश जारी कर दिया। इस पर कृषि विस्तार अधिकारी संघ का कहना था कि राजस्व पृष्ठभूमि की जमीन उनके अधीन नहीं आती ऐसी स्थिति में उनसे गिरदावरी का काम नहीं करा सकते।

खास बातें

- 20 दिन पूर्व राज्य शासन ने पीवी ऐप के द्वारा गिरदावरी करने के लिए जारीकिया था पटवारियों को आदेश



पीवी ऐप में लोड है तीन साल पुराना नक्शा

पटवारियों को जो पीवी ऐप दिया गया है उसमें जमीनों के जो नक्शे अपलोड हैं वह तीन साल पुराने हैं। ऐसी स्थिति में जमीनों की स्थिति बदल चुकी है और उस स्थिति में पुराने नक्शे के द्वारा गिरदावरी करना मुश्किल है। इसे दृष्टिगत रखते हुए पटवारी इस कार्य का बहिष्कार किए वहीं कृषि विस्तार अधिकारियों ने भी भूमि खसरे व सीमांकन जैसे कार्यों को पटवारियों की वैधानिक शक्ती बताया है।

जिले में खाली हैं गणित के व्याख्याता के 25 पद

पद खाली होने के बाद भी गणित के व्याख्याता की नहीं हो रही भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राज्य शासन के द्वारा व्याख्याता के पदों के लिए जारी किए गए विज्ञापन से गणित के विषय के स्नातकोत्तर डिग्री लेने वाले छात्रों को जबरदस्त झटका लगा है। 845 पदों के लिए हो रही भर्ती में गणित विषय के व्याख्याता पद के लिए भर्ती नहीं निकाली गई है। जबकि अकेले कोरबा जिले में ही गणित व्याख्याता के 25 पद खाली हैं। जिसकी जानकारी भी शासन को भेजी गई है।

शिक्षकों के रिक्त पदों पर भर्ती विज्ञापन एक के बाद एक जारी किए जा रहे हैं। इन विज्ञापनों से भर्ती के इंतजार में बैठे युवा बेरोजगारों को उम्मीद की किरण जाग उठी है। लेकिन इन्हीं विज्ञापनों में कुछ ऐसे पद हैं जो रिक्त हैं लेकिन राज्य शासन उस पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन नहीं जारी किया है। इससे उन पदों के लिए योग्य अभ्यर्थियों को राज्य शासन के इस विज्ञापन से झटका लगा है। इस संबंध में राज्य शासन की ओर से अब तक किसी भी तरह का कोई भी अधिकृत बयान नहीं आया है। इसके अलावा पदोन्नति से भरने के लिए कोरबा जिले में रिक्त गणित के व्याख्याता पदों के लिए महज 5 पद मिले हैं। जो पदोन्नति के लिए होने वाली काउंसिलिंग से भरे जाएंगे। इसके बावजूद पद खाली हैं। विभाग की मानें तो व्याख्याताओं के प्रमोशन के बाद और भी पद खाली हो जाएंगे। जितने पद रिक्त हैं स्कूलों में शासन की ओर से उतने पदों के लिए भर्ती नहीं की जा रही है। जिन पदों के लिए भर्ती विज्ञापन जारी किया गया है उनमें संस्कृत, हिंदी, अंग्रेजी विषय के व्याख्याता के लिए 200 पद रिक्त दिए गए हैं। इस तरह अन्य विषय के भी व्याख्याताओं के लिए रिक्त पदों के लिए जारी विज्ञापन में 845 पदों पर भर्ती होगी। जिसमें गणित के व्याख्याता के कोई पद रिक्त नहीं हैं। ऐसे में अकेले कोरबा जिले से ही सैकड़ों अभ्यर्थी ऐसे हैं जिन्होंने गणित में स्नातकोत्तर डिग्री ली है वह शासन की इस भर्ती प्रक्रिया में पद रिक्त नहीं होने के कारण शामिल नहीं हो सकते हैं।



खास बात

- राज्य शासन के विज्ञापन से गणित स्नातकोत्तर डिग्रीधारी छात्रों को लगा झटका

मिडिल में भी पद होंगे रिक्त

प्रमोशन की प्रक्रिया में मिडिल स्कूल से लेक्चरर के पद पर पदस्थ होने वाले ऐसे कई शिक्षक हैं जो आने वाले कुछ महीनों में लेक्चरर के पद पर पदोन्नत होंगे। उनके पदोन्नत होने के बाद मिडिल स्कूल में भी शिक्षकों के पद रिक्त रहेंगे। लगभग साढ़े तीन सौ पद मिडिल स्कूल में शिक्षक के रिक्त हैं। यही कारण है कि मानदेय शिक्षकों के भरोसे शिक्षा व्यवस्था संचालित हो रही है।

सतरेंगा मिडिल स्कूल में गणित के शिक्षक नहीं

कोरबा विकास खंड में सतरेंगा मिडिल स्कूल में लगभग 130 दर्ज संख्या है। जिन्हें पढ़ाने के लिए 4 शिक्षक पदस्थ हैं। चारो कला संकाय के हैं। जबकि शासन के नियम के अनुसार मिडिल स्कूल में विषयवार शिक्षकों की पदस्थापना किया जाना है। लेकिन सतरेंगा स्कूल में इन मापदंडों का पालन न कर कला संकाय के शिक्षकों की पदस्थापना कर दी गई है। वहां के छात्रों को कला संकाय के शिक्षक ही गणित विषय की पढ़ाई करा रहे हैं।

गणित व्याख्याता के पद रिक्त

जिले के हायर सेकेंडरी, हाई स्कूल में गणित के व्याख्याता के लगभग 20 पद रिक्त हैं। इसके अलावा 5 ऐसे पद दिए गए हैं जो पदोन्नति से काउंसिलिंग के द्वारा भरे जाएंगे उसके बावजूद गणित व्याख्याता के पद खाली रहेंगे।

-टीपी उपाध्याय, डीईओ

मल्टी फैसिलिटी और स्वच्छता मॉडल के रूप में विकसित होगा ओवरब्रिज का निचला हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने की दिशा में नगर निगम ने पहल तेज कर दी है। इसी कड़ी में निगम आयुक्त आशुतोष पांडे ने आज दर्री रोड स्थित ओवरब्रिज के नीचे के क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय व्यापारियों से चर्चा कर क्षेत्र की साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था और सौंदर्यीकरण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निगम आयुक्त ने बताया कि ओवरब्रिज के नीचे के क्षेत्र को मल्टी फैसिलिटी और स्वच्छता मॉडल के रूप में विकसित करने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे। इसके तहत ओवरब्रिज के निचले हिस्से का रिनोवेशन कर क्षेत्र को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने स्थानीय व्यापारियों से संवाद करते हुए ओवरब्रिज के नीचे अनावश्यक रूप से रखे सामानों को हटाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण नहीं होना चाहिए। शहर की सुंदरता और व्यवस्था बनाए रखना केवल नगर निगम की ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक और व्यापारी की भी जिम्मेदारी है। आयुक्त ने व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में सामान लेकर आने वाले आपूर्ति वाहनों के लिए समय निर्धारित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने व्यापारियों से कहा कि सामग्री की लोडिंग और अनलोडिंग ऐसी व्यवस्था के तहत की जाए, जिससे मुख्य मार्ग पर यातायात बाधित न हो और आम नागरिकों को आवागमन में परेशानी का सामना न करना पड़े। निगम आयुक्त ने व्यापारियों से शहर के विकास और सौंदर्यीकरण में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रशासन और नागरिकों के सामूहिक प्रयासों से ही शहर को स्वच्छ, स्वस्थ, सुंदर और विकसित बनाया जा सकता है। दर्री रोड स्थित ओवरब्रिज के नीचे प्रस्तावित रिनोवेशन और व्यवस्थित यातायात व्यवस्था से इस व्यस्त क्षेत्र की तस्वीर बदलने की उम्मीद है। नगर निगम की इस पहल का उद्देश्य सार्वजनिक स्थानों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने के साथ ही व्यापारियों और आम नागरिकों के लिए सुविधाजनक वातावरण तैयार करना है।

खास बात

- व्यापारियों से अतिक्रमण हटाने और यातायात व्यवस्था में सहयोग करने की अपील

आंगनबाड़ी केंद्र बांकीमोंगरा में आंगन मिलन सेवा में शामिल हुईं नगर पालिका अध्यक्ष



कार्यक्रम में उपस्थित नपा अध्यक्ष एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांकीमोंगरा

नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा की अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा सेवा संकल्प अभियान व आंगन मिलन सेवा के तहत आंगनबाड़ी केंद्र गजरा-4 में पहुंचीं। यहां उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिनों, बच्चों एवं उनके माताओं से मुलाकात कर बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण एवं पौष्टिक आहार को लेकर चर्चा की।

इस दौरान बच्चों को नियमित रूप से पौष्टिक एवं संतुलित आहार देने, स्वच्छता का ध्यान रखने तथा बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए आवश्यक पोषण पर विशेष जोर दिया गया। श्रीमती सोनी विकास झा ने माताओं से बच्चों के खान-पान को लेकर जागरूक रहने और आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से मिलने वाली पोषण संबंधी सुविधाओं का लाभ लेने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं मितानिनों द्वारा बच्चों और माताओं के बीच स्वास्थ्य एवं पोषण को लेकर किए जा रहे कार्यों की जानकारी भी दी गई। उनके द्वारा क्षेत्र में लगातार किए जा रहे सेवा कार्यों को देखते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिनों का सम्मान भी किया गया। पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा ने कहा कि बच्चों का स्वस्थ और सुरक्षित बचपन समाज की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। बच्चों को बेहतर पोषण और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिनों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी से मिलकर बच्चों के पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने की बात कही। इस अवसर पर रामेश्वर सोनी, जिला महामंत्री पिछड़ा वर्ग भाजपा कोरबा, पार्षद एवं पीआईसी सदस्य श्रीमती प्रमिला सायतोड़े सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन एवं बच्चों की माताएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में माताओं ने भी बच्चों के पोषण एवं स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर चर्चा की और अपने अनुभव साझा किए।

जिला जनपद सदस्य संघ का गठन, चंद्रकांता संरक्षक, नंद कुमार अध्यक्ष बने

कोरबा। जनपद के अंतर्गत जनपद सदस्यों की बैठक जनपद कार्यालय में आयोजित की गई। जहां जिला जनपद सदस्य संघ का गठन किया गया। नवगठित कार्यकारिणी में श्रीमती चंद्रकांता कृष्णा राजपूत को संरक्षक चुना गया है वहीं नंदकुमार कंवर को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। इनके अलावा उपाध्यक्ष पद पर पवन पोयम, कमलेश कुर्रे, फूलचंद कश्यप, सूरज नंदे, मोनिका भगत, सचिव अफसाना कय्यूम, सहसचिव श्रीमती कमला पेंद्रो, नेहा कंवर, कोषाध्यक्ष विजय प्रभात सिंह व रफीक मेमन को बनाया गयाहै। इनके अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में किशन कोशले, वेदराम चंद्राकर, उषा दिनेश कुर्रे, संतोष मरावी, चतुरभुवन, कमल बेलदार, बसंत कंवर, निरूपमा जय पाटले, लक्ष्मीन कंवर, विश्राम राठिया, सत्यनारायण पैकरा, मधुलता तुली व अंशुल कंवर को शामिल किया गया है। विशेष आमंत्रित सदस्यों में झूलबाई गोविंद सिंह कंवर, ममता दामोदर राठौर, माधुरी देवी कंवर, प्रकाश चंद्र जाखड़, अशोक बाई विश्राम कंवर, पूर्णिमा शोभा जगत, दिलहरण कश्यप आदि शामिल हैं।





